भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1733 का उत्तर

गोइलकेरा स्टेशन पर डाउन इस्पात एक्सप्रेस का ठहराव

1733. श्रीमती जोबा माझी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या डाउन इस्पात एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22862, कांटाबांजी से हावड़ा) का सिंहभूम के गोइलकेरा स्टेशन पर ठहराव था, लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद यह ठहराव बंद कर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) डाउन इस्पात एक्सप्रेस (22862) का ठहराव बंद करने के पीछे क्या कारण हैं, जबकि डाउन इस्पात एक्सप्रेस (गाड़ी सं. 12872, टिटलागढ़ से हावड़ा) गोइलकेरा स्टेशन पर ठहराव ले रही है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय यात्रियों को असुविधा होती है; और

(ग) क्या सरकार का स्थानीय संपर्क और लाखों यात्रियों के जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से गोइलकेरा स्टेशन पर डाउन इस्पात एक्सप्रेस (22862) का ठहराव पुनः शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि 22861/22862 हावड़ा-कांटाबांजी इस्पात एक्सप्रेस को गोइलकेरा में ठहराव की सुविधा प्रदान की जाए।

****